28

# मदद

E8HQJT

एक दिन राजू उसके गांव के पास के तालाब को देखने गया। वर्षा के दिन थे। तालाब लबालब भरा हुआ था। तालाब के किनारे बैठे मेंढक टर्र–टर्र कर रहे थे। मज़ा लेने के लिए राजू कँकड़ उठा–उठाकर मेंढकों को मारने लगा। कंकड़ लगने से मेंढक फुदक–फुदक कर इधर–उधर भागने लगे। राजू को मेंढकों के पीछे भागने और उन्हें कँकड़ मारने में मजा आ रहा था।



रात को राजू जब सोया तो उसने सपने में क्या देखा कि एक गाय उसको सींग से मारने के लिए उसके पीछे दौड़ रही है। राजू आगे और गाय पीछे। डर के मारे वह थर–थर काँपने लगा। चोट लगने के भय से अचानक वह जोर से चिल्लाया और नींद से उठ गया। उसके पास सो रही उसकी मां ने कहा कि क्या बात हुई राजू? इतने डरे हुए क्यों हो बेटा? राजू ने रोते हुए सारा किस्सा माँ को सुनाया।

राजू ने मेंढकों को पत्थर मारा क्या यह उचित था ? सोचो।



एक वृद्ध महिला (दादी माँ) सड़क के किनारे सड़क पार करने के लिए खड़ी थी। थोड़ी देर में एक स्कूल जाने वाला बच्चा दादी माँ के पास से गुजरा। दादी माँ ने उसे बुलाया किन्तु वह दादी माँ को देख कर आगे बढ़ गया। उसी समय दूसरी ओर से एक बच्ची उसी सड़क से गुजर रही थी। दादी माँ के पास पहुँचने पर वह उसे देखकर अपने आप ही रूक गयी। उसने दादी माँ को सहारा देकर सड़क पार करवायी। फिर वह स्कूल की तरफ चल दी।

अभी तुमने देखा कि दादी माँ को सहायता की जरूरत पड़ी। हमारे समाज में बड़े बुजुर्गों को इसी तरह विभिन्न कार्यों के लिए सहायता की जरूरत पड़ती है। आस–पास यदि दिव्यांग व्यक्ति हो तो उन्हें भी संवेदनशीलता की जरूरत होती है। जिससे वे आत्म निर्भर बन सके।

तुमने भी इस तरह के लोगों की मदद की होगी उसे कॉपी में लिखो और अपने कक्षा में आपस में चर्चा करो।

## हमनें क्या सीखा ?

### मौखिक

1. मेंढक फुदक–फुदक कर इधर–उधर क्यों भाग रहे थे?
2. क्या राजू मेंढकों के साथ ठीक बर्ताव कर रहा था?
3. तुमने राजू के इस बर्ताव से क्या सबक सीखा?
4. राजू की माँ ने राजू को क्या कहा होगा?
5. राजू ने सपने से क्या सबक सीखा होगा?

### लिखित

1. बुढ़िया ने लड़के को क्यों बुलाया होगा?
2. तुम्हें उन दोनों लड़के और लड़की में से किसका व्यवहार अच्छा लगा?
3. कोई ऐसी घटना बताओ जिसमें तुमने किसी की मदद की हो।
4. क्या आपको विशेष आवश्यकता वाले लोगों (हाथ, पैर, आँख से बाधित) आदि की मदद करना अच्छा लगता है?

   क्या आपने ऐसे लोगों की कभी मदद की है?

   आपने ऐसे लोगों की मदद किस प्रकार की है?

## खोजो आस–पास

1. तुम घर के लोगों की किस तरह से मदद कर सकते हो?
2. घर का क्या–क्या काम तुम्हारे जिम्मे है?

E8HLLG

# क्या आप जानते हैं इकबाल आपसे क्या कह रहा है?



# इकबाल आपसे कह रहा है मैं कक्षा में प्रथम आया!

## सांकेतिक भाषाः सामान्य परिचय

सांकेतिक भाषा का उपयोग श्रवण बाधित व्यक्ति द्वारा संप्रेषण हेतु किया जाता है। सुनने के अभाव में श्रवण बाधित सांकेतिक भाषा का उपयोग करते हैं। आमतौर पर लोगों की धारणा है कि सांकेतिक भाषा में व्याकरण का अभाव होता है परन्तु यह सही नहीं है, सांकेतिक भाषा में भी व्याकरण है। व्याकरण की दृष्टि से अमेरिकन सांकेतिक भाषा सबसे ज्यादा उन्नत है। अमेरिकन सांकेतिक भाषा फिंगर स्पेलिंग पर निर्भर है तथा वहां सिंगल हैण्डेड फिंगर स्पेलिंग का प्रयोग किया जाता है। इंडियन सांकेतिक भाषा में डबल हैंड़ेड फिंगर स्पेलिंग का प्रयोग किया जाता है। आइये अब हम डबल हैंड़ेड फिंगर स्पेलिंग जाने–

